ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 08-08-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-08-08 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-08-09	2023-08-10	2023-08-11	2023-08-12	2023-08-13
वर्षा (मिमी)	1.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	34.0	34.0	33.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	26.0	25.0	26.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	72	72	72	76	72
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	43	45	46	46	49
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	30	27	27	33	37
पवन दिशा (डिग्री)	215	213	216	216	214
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	8	0	3	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले पांच दिनों में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसानों भाई खेत में नमी संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था करें। मृदा के उपरी सतह से वाष्पीकरण को कम करने हेतु खरपतवारों से मृदा आच्छादन करें।

लघु संदेश सलाहकार:

कुष्माण्ड कुल की सब्जियों मे फल छेदक कीट के नियंत्रण हेतु मैलाथियान 50 ई.सी. 1 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरा की फसल में पत्ती भक्षक कीटों के नियंत्रण कि लिए क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से दें।
मूँग	मूंग की फसल की नियमित रूप से निगरानी करें अगर सफेद मक्खियों या रस चूसने वाले कीटो का प्रकोप अधिक होने पर इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.सी का 1.0 मिलीलीटर प्रति 3 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
ग्वारफली	आने वाले दिनों में अधिक आपेक्षिक आद्रर्ता तथा बादल छाये रहने के कारण ग्वार की फसल में चुसने वाले कीड़ो जैसे हरा तेला, थ्रिप्स आदि का प्रकोप बढ़ सकता है। अतः कीटो के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. का 200 एम एल प्रति हेक्टर की दर से साफ़ मौसम में छिड़काव करे।
मूँगफली	मूंगफली की फसल में सफेद लट की रोकथाम के लिए चार लीटर क्लोरपायरिफॉस 20 ई.सी. प्रति हैक्टेयर की दर से मिट्टी में मिला कर वर्षा के दिन कतारों के बीच में भुरकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	आर्द्र और शुष्क वातावरण के कारण घरेलू मक्खी/अन्य के संक्रमण से बचने के लिए पशु शेड के आसपास साफ-सफाई रखें। ५० ग्राम आयोडीनयुक्त नमक या ५० से १०० ग्राम खनिज मिश्रण प्रति दिन चारे और हरे चारे के साथ खिलाएं ताकि वे स्वस्थ रहें।